भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1220
उत्तर देने की तारीख 08 दिसंबर, 2025
17 अग्रहायण, 1947 (शक)

खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत केआईएससीई

1220. श्री बस्तीपति नागराजू:
श्री केसिनेनी शिवनाथ:
डॉ. संबित पात्रा:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत देश भर में खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्रों (केआईएससीई) और मान्यता प्राप्त खेल अकादमियों की ओडिशा सहित राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार और आन्ध्र प्रदेश में जिला-वार संख्या कितनी है और उनका ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत इन केन्द्रों और अकादमियों को खेल अवसंरचना और विकास परियोजनाओं के लिए संस्वीकृत, जारी की गई और उपयोग की गई कुल निधि का राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार और आन्ध्र प्रदेश में केन्द्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान मान्यता प्राप्त / स्थापित नए केआईएससीई का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा उत्तर पूर्वी राज्यों और ओडिशा पर विशेष ध्यान देते हुए देश भर में नए केआईएससीई स्थापित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान वर्ष-वार राज्य सरकारों, विशेषकर आन्ध्र प्रदेश और ओडिशा सरकार द्वारा उक्त योजना के अंतर्गत प्रत्यायन, मान्यता या वित्तीय सहायता के लिए कोई प्रस्ताव भेजा गया है और प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों और उनके अनुमोदन की स्थिति क्या है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ङ) आंध्र प्रदेश, ओड़िशा और उत्तर-पूर्वी राज्यों सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम के तहत मान्यता प्राप्त खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्रों और मान्यता प्राप्त खेल अकादमियों की

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या और विवरण इस मंत्रालय के डैशबोर्ड पर https://dashboard.kheloindia.gov.in सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हैं।

इस मंत्रालय में निधियां स्कीम-वार जारी की जाती हैं, राज्य-वार या घटक-वार नहीं। पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान खेल अवसंरचना और विकास परियोजनाओं के लिए आंध्र प्रदेश, ओड़िशा और उत्तर-पूर्वी राज्यों सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम के तहत जारी की गई धनराशि का विवरण इस प्रकार है:

वर्ष	**खेलो इंडिया स्कीम के तहत जारी की गई धनराशि (करोड़ रु. में)**
2020-21	338.06
2021-22	764.29
2022-23	596.39
2023-24	872.20
2024-25	620.75
2025-26 (28.11.2025 **तक**)	599.12

****